साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइंस

"व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है, वह जो सोचता है वही बन जाता है।"

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा    प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा    डाक पंजीयन क्रमांक - मन्दसौर/407/2025-27

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप्प, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08    अंक- 07    नीमच, बुधवार 6 से 12 अगस्त 2025 तक    कुल पृष्ठ - 08    मूल्य - 5₹

## न्यूज गैलेरी

### किलकारी के बालकों द्वारा निर्मित राखियों के स्टॉल से कलेक्टर ने खरीदी राखियाँ

#### कलेक्टोरेट में बालकों द्वारा निर्मित राखियों का लगाया स्टॉल-कलेक्टर ने किया अवलोकन



**नीमच**। रेडक्रॉस आश्रय गृह किलकारी में आश्रयरत बालकों द्वारा रक्षाबंधन के पर्व के लिए प्रशिक्षकों की देखरेख में राखियां तैयार की गई है, बालकों द्वारा निर्मित राखियों का बिक्री स्टॉल कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया है एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव ने जिला अधिकारियों के साथ मंगलवार को राखियों के इस स्टॉल का निरीक्षण कर, बालकों द्वारा तैयार की गई आर्कषक, मनमोहक राखियॉं का अवलोकन किया। कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने नगद राशि देकर, बालकों द्वारा निर्मित इन राखियों को खरीदा। उन्होने इस कार्य के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या के प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने प्रशिक्षकों और बालकों से चर्चा कर, उनके द्वारा तैयार की गई आकर्षक राखियों के लिए उनकी लगन एवं मेहनत की भी सराहना की। कलेक्टर ने कहा, कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बालकों द्वारा निर्मित इन आकर्षक राखियों के इस स्टॉल से राखी खरीदकर बालकों के प्रयासों की उनकी हौंसला अफझाई करना चाहिए।

### कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज उत्खनन के एक प्रकरण में 35.17 लाख से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.खनिज( अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण निवाहरण) नियम 2022 के तहत अवैध उत्खनन के एक प्रकरण में कुल 35 लाख 17 हजार 500 रूपये की शास्ति अधि आरोपित करने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में 5 अगस्त 2025 को पारित आदेशानुसार सिंगोली तहसील के गांव अथवा बुजुर्ग, हाल मुकाम उमर तहसील सिंगोली निवासी अनावेदक अर्जुन पिता भंवर लाल धाकड़, पर खनिज की रायल्टी का 15 गुना अर्थ शास्ति 17 लाख 58 हजार 750 रूपये एवं अधि आरोपित अर्थ शास्ति के समतुल्य पर्यावरण क्षतिपूर्ति रूपये 17 लाख 58 हजार 750 रूपये कुल 35 लाख 17 हजार 500 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर द्वारा अधिआरोपित शास्ति की राशि चालान से शासकीय कोष में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।उल्लैख्नीय है , कि सहायक खनि अधिकारी नीमच द्वारा 8 अप्रेल 2025 को प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार सिंगोली तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रतनगढ़ किले के पीछे सरकारी जमीन पर अवैध खनन कर मिट्टी चुराने बाबत उप वनमण्डलाधिकारी नीमच, नायब तहसीलदार रतनगढ़, सहायक खनि अधिकारी नीमच द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर उपस्थित हुए, जॉंच के दौरान ग्राम रतनगढ़ किले के पीछे शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 70 रकबा 0.836 हेक्टेयर मद चारागाह शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 76 रकबा 1.338 हेक्टेयर मद चारागाह व निजी भूमि सर्वे नंबर 56 पर मिट्टी का उत्खनन होना पाया गया हैं। मौके पर उत्खनित सर्वे नंबरों की माप मीटर टेप की सहायता से ली गई नाप अनुसार ग्राम रतनगढ़ स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 70 में उत्खनित मिट्टी माना 818 घनमीटर, शासकीय भूमि सर्वे नंबर 76 में उत्खनित मिट्टी मात्रा 1023 घनमीटर एवं भूमि सर्वे नंबर 56 पर पूर्व उत्खनित क्षेत्र में से नवीन उत्खनित क्षेत्र की नाप ली गयी नाप अनुसार नवीन उत्खनित मिट्टी मात्रा 504 घनमीटर होती है। इस प्रकार कुल तीनों सर्वे नंबरों 70, 76, 56 से कुल उत्खनित मिट्टी मात्रा 2345 घनमीटर होना पाई गई हैं। जॉंच के दौरान उक्त क्षेत्र में मिट्टी का उत्खनन किया जाकर वन परिक्षेत्र के रास्ते से डम्पर के माध्यम से परिवहन किया जाकर ग्राम बोरदिया( भगवानपुरा) स्थित खेतों में डाला जाना पाई गई थी।



# अवैध मिट्टी खनन माफिया अर्जुन धाकड़ के खिलाफ कलेक्टर का बड़ा आदेश 35 लाख का जुर्माना

## लेकिन संदेह के घेरे में आए बराबरी के जिम्मेदार वन विभाग के डिप्टी रेंजर के ऊपर क्या होगी कार्यवाही..?

डेस्क- नीमच हेडलाइंस

**नीमच**। रतनगढ़ किले के पीछे अवैध खनन करने वाले अर्जुन धाकड़ के खिलाफ कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 35 लाख 17000 का जुर्माना ठोक दिया। लेकिन इसमें मिट्टी माफिया को खुली छूट देने वाले उन अधिकारियों का क्या जिन पर अभी तक किसी की नजर नहीं गई। जबकि वह भी उतने ही दोषी है। जितना की अवैध रुप से मिट्टी खनन माफिया। क्योंकि जिला मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार आला अधिकारी तहसील स्तर पर बैठे अधिकारियों से जानकारी लेते हैं। लेकिन अगर तहसील मुख्यालय स्तर पर बैठे हुए अधिकारी खुद मिट्टी माफियाओं का साथ दे रहे हो तो उन पर कौन कार्यवाही करेगा और क्या कार्यवाही होगी यह एक बड़ा विचारणीय प्रश्न बना हुआ है। इस पूरे मामले में मिट्टी माफिया अर्जुन धाकड़ को 35000 रुपये की रसीद बना कर देने वाले तत्कालिक डिप्टी रेंजर कुलदीप दीक्षित है जो वर्तमान में भी रतनगढ़ रेंज में ही पदस्थ है।जिन्होंने मात्र 35000 हजार रुपये की रसीद काट कर एक तरह से करोडो रूपए की शासकीय जमीन पर मिट्टी के अवैध खनन की खुली छूट दे दी थी।विश्वस्थ सूत्रों के अनुसार यह भी जानकारी मिली है।कि डिप्टी रेंजर दिक्षित द्वारा 35000 से काफी अधिक पैसा लेने का भी आरोपी है, जिसकी जानकारी जिले के आला अधिकारियों को होने के बाद भी इस मामले में जिले के अधिकारियो द्वारा इनके खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही क्यो नहीं की गई।यहां तक की वन विभाग के जिला वन मण्डलाधिकारी द्वारा भी इनके खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया। अब केवल अर्जुन धाकड़ के ऊपर कार्यवाही हो गई है। लेकिन इसमें वन विभाग के कर्मचारियों के ऊपर आखिर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है।अगर घटना की निष्पक्षता से जांच की जाए तो इसमें वन विभाग के कई कर्मचारी जो इस भृष्टाचार मे सम्मिलित थे बड़े मामले में निपट सकते हैं।

### निश्चित रूप से अगर निष्पक्षता पुर्वक

जांच की जाए तो वन विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी का निलंबन या सस्पेंड होना तय हैं।डिप्टी डेंजर दीक्षित ने पत्नी के नाम से ले रखा है।लाखो रुपये का प्लाट, जिसमें पट्टा तीन बीघा और कब्जा 7 बीघा जिसमे लगभग 150 फीट से अधिक का है।

### नीमच सिंगोली मेन रोड़ किनारे अवैध अतिक्रमण

अब ओर आश्चर्यजनक बात आप लोग देखेंगे की वन विभाग के तत्कालिक एवं वर्तमान डिप्टी डेंजर कुलदीप दीक्षित ने अपनी पत्नी हेमलता के नाम से रतनगढ़ में ही एक प्लाट लिया था। हालांकि उस प्लाट पर लगभग 150 फीट से भी अधिक मेन रोड़ के किनारे फ्रंट का अवैध अतिक्रमण भी किया हुआ है।जिसकी पूर्व मे शिकायत भी हुई थी इनके पास पट्टे की जमीन तो मात्र ढाई तीन बीघा ही है। जबकि मौके पर पिछे छह-सात बीघा का कब्जा है। इस मामले में जब नीमच हेडलाइंस ने डिप्टी रेंजर दीक्षित से पूछा तो उन्होंने यह बताया कि वो अतिक्रमण तो तहसीलदार ने कब से हटा दिया है।मतलब एक प्रशासनिक अधिकारी ने अवैध रूप से अतिक्रमण तो किया था यह बात साफ हो गई। तो आखिर वर्षों से उस क्षेत्र में रहकर और ऐसी कितनी शासकीय जमीने ओर है।जिन पर मिट्टी माफियाओं को ऐसे अधिकारियों ने अवैध रूप से मिट्टी खनन की खुली छूट दी हुई थी।अगर राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी निष्पक्षता से जांच करे तो आज भी दिक्षित की पत्नि के नाम पर जो जमीन है उसमे अतिक्रमण मिल जाएगा जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा अगर गंभीरता से इसकी जांच करें तो कई सारे पहलू खुलकर सामने आ सकते हैं।

### इनका कहना :-

*मैंने महीने भर पहले ही यहां का चार्ज लिया है अभी तो हम लोग प्रदेश स्तर पर हड़ताल पर हैं मेरे द्वारा इस प्रकार से कोई कार्रवाई फिलहाल तो नहीं हुई। लेकिन अगर ऐसा कोई मामला है तो कोई अगर आवेदन देता है तो निश्चित तौर पर जांच कार्यवाही की जाएगी।*

***बी एल डाबी** तहसीलदार रतनगढ़।*

*अतिक्रमण की जानकारी हमें मिल चुकी है हमारी टीम गुरुवार को क्षेत्र में जाएगी और मौके का मुआयना करने के बाद अगर अवैध अतिक्रमण सामने आता है तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।*

***प्रीति संघवी** एसडीएम जावद।*



## उत्तरकाशी के धराली में फटे बादल, आधा गांव तबाह




उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से ऊंचाई पर स्थित गांवों में मंगलवार को अचानक बाढ़ आ गई और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए या तेज पानी में बह गए. प्रशासन ने इस हादसे में चार लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है. वहीं स्थानीय लोगों का दावा है कि 50-60 लोग लापता हो गए हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि खीर गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बादल फटने से विनाशकारी बाढ़ आ गयी.स्थानीय निवासी राजेश पंवार ने कहा कि मलबे में 10. 12 लोग दबे हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि 20 से 25 होटल और 'होमस्टे' बह जाने की आशंका है. इलाके के गांवों में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षित जगह की तलाश में इधर-उधर भाग रहे हैं. उधर, घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा और आपदा बचाव एजेंसियां एक्टिव हो गईं. NDRF, SDRF, ITBP और भारतीय सेना की इकाईयां मौके पर पहुंच गईं हैं. इस संदर्भ में गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की है

### आस-पास फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

उत्तरकाशी की एसपी सरिता डोबाल ने कहा कि हर्षिल, धराली क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि/ बादल फटने की दुखद घटना से भारी जानमाल का नुकसान हुआ है. आपदा से धराली कस्बा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, पुलिस, एसडीआरएफ,एनडीआरएफ, फायर, राजस्व, आर्मी व अन्य आपदा दल मौके पर राहत बचाव कार्य में जुटे हैं.

## नयागांव पुलिस ने मारूति एस क्रास कार से 30 किलो डोडाचूरा के साथ राजस्थान के आरोपी को किया गिरफ्तार



**नयागांव**। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं अअपु जावद रोहित राठौड के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड की टीम के द्वारा कुल 30 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व मारूति कम्पनी की एस क्रास वाहन क्र. आर.जे.-14-क्यूसी-8380 सहित 01 आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी अनुसारदिनांक 05.08.2025 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु रेल्वे फाटक निम्बाहेडा-नीमच हाईवे फोरलेन नयागॉव पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान एक मारूति कम्पनी की एस क्रास वाहन क्र. आर.जे.- 14-क्यूसी-8380 में 02 काले रंग के कट्टो में भरा 30 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए जप्त कर कार चालक राधेश्याम पिता लादू जाट उम्र 35 वर्ष नि. ग्राम दुंगा का खेडा थाना बनेडा जिला भीलवाडा राजस्थान को मौके से गिरफतार कर आरोपी राधेश्याम जाट के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम नयागॉव का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला जेल कनावटी नीमच में अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल द्वारा साहित्य भेट



**नीमच**। परम पूज्य आचार्य देव निपुणरत्न सुरीश्वर जी एवं शांतक्रांत गच्छाधिपति परम पूज्य आचार्य विजयराज जी महाराज साहब व राष्ट्र संत कमलमुनि कमलेश के पावन आशीर्वाद से नीमच जिला जेल कनावटी में जैनाचार्यों एवं संतो द्वारा लिखित जीवन निर्माण संस्कार एवं संस्कृति का निर्माण करने वाले साहित्य की 101 पुस्तके जेलर नारायण सिंह राणा को जिला जेल पहुंच कर मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़ सचिव जितेंद्र सकलेचा वरिष्ठ मार्गदर्शक मनोहर शंभू बम्ब अनिल परमार मुकेश नानावटी सांवरमल कांठेड़ आदि सदस्यों भेंट किये। इस अवसर पर जेलर राणा ने मंडल को धन्यवाद देते हुए जनसेवा संगठन पर भी चर्चा की व अधिक से अधिक समाजसेवी महानुभावों जोड़ने के भाव रखें। साथ ही जेल में भोजन व्यवस्था एवं वहां पर केदियों की मुलभुत सुविधाओं में सुधार परभी प्रकाश डाला।

## खनिज राजस्व मद में होंगे विकास कार्य विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के प्रश्न पर मंत्रियों ने दी जानकारी

रतलाम जिले खनिज राजस्व मद से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इस हेतु दो करोड़ से अधिक की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमे से लगभग 12 लाख रु की लागत के बालिका छात्रावासों के कार्यो की स्वीकृति दी गई है। उक्त आशय की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जावरा विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर दी। विधानसभा में डॉ पांडेय ने खनिज विभाग के कार्यो संबंधी प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि रतलाम जिले में पत्थर, गिट्टी व मिट्टी की 210 खदाने है। इन खदानों से विगत 5 वर्षों में एक अरब 32 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। आपने आगे बताया कि खनिज राजस्व मद से रतलाम जिले में विभिन्न विकास कार्यो के प्रस्ताव बनाए गए। लगभग दो करोड़ 7 लाख रु की कार्ययोजना में 8 महत्वपूर्ण कार्यो को सम्मिलित किया गया है।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त अंतरित की

**नीमच**। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शनिवार को काशी (वाराणसी) उत्तरप्रदेश से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के लाखों किसानों के खातें में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में 21 हजार करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से हंस्तातरित की गई। इस कार्यक्रम का कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सीधा प्रसारण किया गया। बैठक में सांसद श्री सुधीर गुप्ता जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, मनासा विधायक प्रतिनिधि श्री बगदीराम गुर्जर, न.पा. अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, पूर्व न.पा.उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र भटनागर, न.पा. के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश पप्पू जैन, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, श्री आदित्य मालू, श्री हेमंत हरित, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर, श्री रतनलाल मालावत, सहित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उदबोधन कहा, कि बीज से बाजार तक हम किसानों के साथ खड़े है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक देश के किसानों को पोने दो लाख करोड़ से ज्यादा का बीमा क्लेम भुगतान किया गया हैं। प्रधानमंत्री जी ने कहा, कि केंद्र सरकार द्वारा धन धान्य कृषि योजना लागू की जा रही है। इस योजना में किसानों के कल्याण के लिए 24000 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने काशी में इस अवसर पर 21 हजार करोड़ की



## त्योहारों को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यवाही शुरु

### मिठाई कारखानों की जांच की मावा,मसालों के नमूने लिए



**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को देखते हुए मिठाई कारखाने की जांच कर खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए गए। जिनमें गरीबी मिष्ठान भंडार मनासा रोड बोरखेड़ी पानेरी कारखाने से मावा का नमूना एवं गोपी मिष्ठान भंडार झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र नीमच कारखाने से मावा एवं मसालों,मिर्ची पाउडर,नमक आदि के नमूने लिए जाकर,जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजें गये है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री यशवंत कुमार शर्मा एवं श्री राजू सोलंकी टीम द्वारा की गई। जांच अभियान सतत जारी रहेगा।

## कलेक्टर श्री चंद्रा ने गांधीसागर जलाशय में निर्माणाधीन इंटेक वेल का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया



**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले की रामपुरा तहसील के ग्राम सालारामाला में गांधी सागर जलाशय के बैकवॉटर में लगभग 1 किलोमीटर पानी में निर्माणाधीन अस्थाई रॉ वाटर इंटेक वेल,पंप हाउस और अप्रोच ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक जल निगम ने कलेक्टर को अवगत कराया, कि वर्तमान में पानी गांधी सागर से खिमला स्थित जल शोधन संयंत्र एवं खिमला से कुकडेश्वर तक पहुंच चुका है एवं उसके आगे टेस्टिंग कार्य प्रगतिरत हैं।अपरोक्ष ब्रिज एवं स्थाई इंटेक वेल पंप हाउस का कार्य नवंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा और गांधी सागर समूह जलप्रदाय योजना से उक्त कार्य पूर्ण होने के बाद हर घर नल से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया जाएगा।इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, जनपद सीईओ श्री आरीफ खान, जल निगमके महाप्रबंधक श्री जितेन्द्र बिजोरिया, डीबीएल के सहायकप्रबंधक श्री सुनील तोमर, श्री सरस जैन व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वसहायता समूहों के माध्यम से नीमच जिले में 11 हजार लखपति दीदीयॉं बनी है-श्री सुधीर गुप्ता

## सांसद की अध्यक्षता में नीमच में दिशा कमेटी की बैठक सम्पन्न

**नीमच**। आजीविका मिशन के तहत नीमच जिले में 4983 स्व सहायता समूह गठित किए गए है। इन समूहों में नीमच जिले के 45 हजार परिवार जुड़े है। तीन हजार से अधिक समूहों को 46 करोड़ से अधिक का रिवाल्विंग फण्ड एवं 1929 समूहों को कुल 899 करोड़ की ऋण राशि विभिन्न आर्थिक गतिविधियॉं संचालित करने के लिए उपलब्ध करवाई गई है। यह जानकारी नीमच, मंदसौर, जावरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित दिशा कमेटी की बैठक में आजीविका मिशन द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए दी। बैठक में जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, मनासा विधायक प्रतिनिधि श्री बगदीराम गुर्जर, समिति सदस्य, नीमच न.पा. अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, पूर्व न.पा.उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र भटनागर, श्री राकेश पप्पु जैन, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, श्री आदित्य मालू, श्री हेमंत हरित, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर, श्री रतनलाल मालावत, सहित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षगण एवं समिति सदस्यगण तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सांसद ने सभी विभागों से अपेक्षा की, कि वे विभाग द्वारा की जाने वाली सार्वजनिक गतिविधियों की जानकारी सूचना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाए। उन्होने कहा, कि सांसद के पत्रों का उत्तर 7 दिवस में देना अनिवार्य है। सांसद ने कहा, कि विकास कार्यो, निर्माण कार्यो का अवलोकन करने की अपेक्षा रखते है। समय-समय पर सांसद कार्यालय से समय लेकर विकास कार्यो का निरीक्षण अवश्य करवाए।विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सुझाव दिया, कि वन अनुमति के नाम पर सड़कों का निर्माण कार्य ना रोका जाए। जो भी प्रक्रिया हो, उसे पूर्ण कर निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारंभ करवाया जाना



चाहिए। विधायक श्री सखलेचा ने पौधारोपण के कार्य के लिए स्थानीय विधायक से चर्चा कर कार्य चयनित करने का भी सुझाव दिया। उन्होने ग्राम वन समितियों व अन्य समितियों के गठन प्रक्रिया एवं समितियों के गठन के कार्यक्रम की सूचना स्थानीय विधायकों को भी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। बैठक में सांसद श्री गुप्ता ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कहा, कि म.न.रे.गा. के लेबर बजट का उपयोग, पंचायतों की रैंकिंग प्रणाली का विकास कर रैंक के आधार पर करने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि श्री बगदीराम गुर्जर ने ग्राम कुण्डालिया के वाटरशेड राशि के दुरूपयोग की जॉंच उपरांत दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने का सुझाव दिया।उन्होने पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण मित्रों को प्रदाय की गई,स्कूटी का अन्य लोगो द्वारा उपयोग करने की बात कही। इस पर सांसद ने स्कूटी पर योजना का नाम एवं विवरण लिखवाने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने परिवहन विभाग की समीक्षा में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी आरटीओ को दिए। उन्होने सभी निर्माण विभागों को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही निर्माण कर्यो का निर्माण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में उद्योग, जल जीवन मिशन द्वारा संचालित कार्यो, योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में सांसद ने जल जीवन मिशन के कार्यो, रोड़ रेस्ट्रोरेशन कार्य की गुणवत्ता जॉंच एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विधायक श्री सखलेचा के सुझाव पर जिले के सभी गिट्टी क्रेशरों पर डस्ट प्रबंधन निर्धारित नियमों का एक माह में पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी खनिज अधिकारी को दिए गए।

## जिले की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए निःशुल्क अकाउन्टिंग, ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण के लिए 10 अगस्त तक आवेदन करें

**मंदसौर**। आर सेटी डायरेक्टर द्वारा बताया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा जिले की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए निःशुल्क 38 दिवसीय कम्प्यूटर अकाउन्टिंग, 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट एवं 31 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण की ट्रेनिंग हेतु 10 अगस्त 2025 तक आवेदन करें। इस हेतु रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा लेवे। रजिस्ट्रेशन सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में कर सकते है। रजिस्ट्रेशन के साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर आवे। 18 से 45 वर्ष वाले प्रत्याशी ही इसमें रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए 6269058449, 7999852839, 9111858590, 8435806297 पर सम्पर्क कर सकते है।



## पोरवाल खाद भण्डार, मल्हारगढ़ के लायसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया



**मंदसौर**। श्री रविन्द्र मोदी, उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को मानक स्तर के कृषि आदान यथा उर्वरक, बीज, कीटनाशक इत्यादि निर्धारित मूल्य में मिले। इसी तारतम्य में उप संचालक कृषि द्वारा गठित दल द्वारा लगातार कार्यवाही कर 2 अगस्त को मल्हारगढ़ में फर्म पोरवाल खाद भण्डार, प्रोपराईटर श्री जयदीप पोरवाल के फर्म पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, निरीक्षण दल को फर्म पर बिना 'ओ' फार्म के उर्वरक भण्डारण 5, 8 व 35 का स्पष्ट उलंघन पाया गया, जिससे

# पिपलियामंडी में भव्य शाही सवारी का आयोजन
# बर्फ की शिवलिंग के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

ब्यूरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**पिपलियामंडी**। सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर में भक्ति, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री नर्मदेश्वर शिवशक्ति मंदिर से निकली शाही सवारी ने पूरे नगर में धार्मिक माहौल बना दिया। सवारी में बर्फ से निर्मित भगवान केदारेश्वर शिवलिंग की झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सवारी का शुभारंभ श्री नर्मदेश्वर मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गांधी चौराहा व रेलवे स्टेशन बालाजी पहुंचकर समाप्त हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर सवारी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों की प्रस्तुतियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजन मंडलियों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। नगरवासियों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। शाही सवारी के समापन पश्चात श्री नर्मदेश्वर शिवशक्ति मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अंत में प्रसादी वितरण के साथ यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ



# नीमच जिले में भयानक सड़क हादसा
# मनासा-मंदसौर रोड पर आमने सामने हुई दो तेज रफ्तार बाइकें



**मनासा**। मनासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनासा-मंदसौर मार्ग पर दरगपूरा फंटे के पास सोमवार शाम करीब 7 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चपलाना निवासी अरविंद नाथ पिता नाथुनाथ हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे नाक, हाथ में गहरी चोटें आईं और मुंह के दो दांत टूट गए। वहीं, हांसपुर निवासी रामनारायण पिता नंदलाल गायरी को मामूली चोटें आईं। दोनों घायलों को उपचार हेतु मनासा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिले मे अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर 2 दिवसीय व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त

ब्यूरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**मंदसौर**। जिले में अपराध पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देश पर दिनांक 30-31 जुलाई 2025 की दरम्यानी रात को जिलेभर में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान मंदसौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, जिसमें कुल 246 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस की इस कार्रवाई में 146 स्थायी वारंटी एवं 93 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। साथ ही थाना वायडी नगर पुलिस ने तीन ईनामी उद्घोषित आरोपियों को भी गिरफ्तार किया, जिनमें दो आरोपी 5000 और एक आरोपी 3000 का उद्घोषित इनामी था। कॉम्बिंग गश्त का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने किया और पूरे अभियान की सतत मॉनीटरिंग करते हुए थाना मल्हारगढ़ का रात्रिकालीन आकस्मिक निरीक्षण भी किया। गश्त के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 66 निगरानी बदमाशों, 90 गुंडा/बदमाशों एवं 6 माफीबंद बदमाशों सहित कुल 162 निगरानी योग्य अपराधियों की गहन चेकिंग की गई।इसके अतिरिक्त अवैध शराब के 45 प्रकरण दर्ज करते हुए 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 186 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 62,900 है, जप्त की। कॉम्बिंग गश्त अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों के निर्देशन में 50 से अधिक गश्ती पार्टियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कुल 500 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने इस सफलता के लिए पुलिस टीम को बधाई दी और बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे



# उर्वरक, बीज, कीटनाशक की फर्म पोरवाल खाद भंडार का औचक निरीक्षण

## अनियमितता के चलते फर्म का लाइसेंस हुआ कैंसिल



ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर**। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंदसौर रविन्द्र मोदी द्वारा बताया गया कि, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को मानक स्तर के कृषि आदान यथा उर्वरक, बीज, कीटनाशक इत्यादि निर्धारित मूल्य में मिले। इसी तारतम्य में उप संचालक कृषि द्वारा गठित दल द्वारा लगातार कार्यवाही कर 2 अगस्त को मल्हारगढ़ में फर्म पोरवाल खाद भण्डार, प्रोपराईटर जयदीप पोरवाल के फर्म पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, निरीक्षण दल को फर्म पर बिना 'ओ' फार्म के उर्वरक भण्डारण एवं कय-विक्रय, मूल्य सूचि एवं सकंध पंजी, विक्रय दर बोर्ड का संधारण नहीं करना, केश केडिट मेमौ जारी न करना, निर्धारित अभिलेखों का संधारण न रखने के कारण उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 4, 5, 8 व 35 का स्पष्ट उलंघन पाया गया, जिससे उक्त फर्म का लायसेंस निलंबित किया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान उप संचालक कृषि रविन्द्र मोदी, सहायक संचालक कृषि श्रीमती अनिता धाकड़, पी.एस. कटारा, उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चेतन पाटीदार, कृषि विस्तार अधिकारी जितेन्द्र चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

::कार्यालय नगर परिषद रामपुरा,जिला नीमच (म.प्र.)::
(ph.-07421-238227, mail-cmorampura@mpurban.gov.in)

क्रमाक /1504 /राजस्व/2025 रामपुरा, दिनाक 31/07/2025

**गुमटी किराया ऑफर आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद स्यामित्व की नवीन बस स्टेण्ड पर स्थित लोहे की गुमटियों को मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत बने अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत 35 माह की अवधि के लिए बंद लिफाफा ऑफर पद्धति से मासिक किराये पर दी जाना है। वह गुमटी अमानत राशि 30000/- जमा कर निलामी में भाग ले सकते है। मासिक किराया राशि रू. 1000/- निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर किराया राशि बंद लिफाफे में दिनांक 14/8/25 को समय 04.00 बजे तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। प्राप्त आफर दिनांक 14/8/25 समय 4.30 बजे आफरदाताओं के समक्ष खोले जावेगें। आवेदन फार्म एवं शर्तो की प्रति रू. 250/- जमा कर प्राप्त की जा सकेगी।

कार्य का विवरण एवं शर्ते नियमः-

| क्र. | आरक्षण का विवरण | दुकान संख्या | आरक्षित गुमटी का कमांक | साईज प्रति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | महिला | 1 | 13 | 8X8 |

शर्तेः-

1- बोली स्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के विवेक पर निर्भर रहेगा।
2- गुमटी नगरीय क्षेत्र के स्थानीय निवासी को ही दी जावेगी।
3- स्वीकृत आफरदाता को 03 माह तक किराया एडवांस जमा करना अनिवार्य होगा।
4- शेष निलामी शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(सीमा जितेन्द्र जागीरदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद रामपुरा

(के.एल.सूर्यवंशी)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुरा

# कार्यालय ग्राम पंचायत आकली
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आकली में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत आकली

# कार्यालय ग्राम पंचायत आत्री बुजुर्ग
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आत्री बुजुर्ग में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत आत्री बुजुर्ग

# कार्यालय ग्राम पंचायत उचेड़
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उचेड़ में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत उचेड़

# कार्यालय ग्राम पंचायत खानखेड़ी
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खानखेड़ी में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत खानखेड़ी

# कार्यालय ग्राम पंचायत देवरान
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरान में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत देवरान

# कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी खवासा
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरी खवासा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत देवरी खवासा

# कार्यालय ग्राम पंचायत नलखेड़ा
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नलखेड़ा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत नलखेड़ा

# कार्यालय ग्राम पंचायत पड़दा
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
**दिनांक** 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पड़दा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत पड़दा

# कार्यालय ग्राम पंचायत पावटी
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पावटी में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत पावटी

# कार्यालय ग्राम पंचायत पिपल्या रावजी
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपल्या रावजी में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत पिपल्या रावजी

# कार्यालय ग्राम पंचायत बनड़ा
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनड़ा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत बनड़ा

# कार्यालय ग्राम पंचायत बनी
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनी में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत बनी

# कार्यालय ग्राम पंचायत भदाना
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदाना में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत भदाना

# कार्यालय ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग

# कार्यालय ग्राम पंचायत मालखेड़ा
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मालखेड़ा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत मालखेड़ा

# कार्यालय ग्राम पंचायत मोया
## जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच
### विज्ञप्ति
दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोया में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अतः आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत मोया

# छेड़छाड़ को लेकर की चाकूबाजी दो लोग घायल, मामला पहुंचा थाने





**नीमच** क्रमांक 2 स्कूल क्षेत्र में शनिवार को एक युवती से छेड़छाड़ को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार जीवन यादव नामक युवक एक युवती को लगातार परेशान कर रहा था। जब इस हरकत का विरोध करते हुए लालाराम सालवी ने जीवन को रोका तो आरोपी भड़क गया और गुस्से में आकर लालाराम सालवी व युवती को दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जीवन यादव मौके से फरार हो गया। पीड़ितों ने नीमच कैंट मामले की जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पालड़ा

### जनपद पंचायत मनासा जिला- नीमच

### विज्ञप्ति

दिनांक 04.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पालड़ा में कचरा वाहन हेतु मिनी ट्रेक्टर 15 एचपी मय ट्राली सहित क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए दरें आमंत्रित हैं। इच्छुक विक्रेता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में विज्ञप्ति जारी दिनांक से एक माह के भीतर जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत/ग्राम सभा की बैठक में स्वीकृत हेतु खोले जाकर आगामी कार्यवाही प्रस्ताव अनुसार की जावेगी।

**अत: आमजन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।**

सरपंच/सचिव

ग्राम पंचायत पालड़ा


## ताल की रोजड़ी नदी में डूबने से बालक की मौत



**सिंगोली** के पास स्थित ग्राम ताल की रोजड़ी नदी में हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर के रख दिया है।हादसे में रतनगढ़ निवासी लगभग 15 वर्षीय बालक गौरव पिता अंतिम कुमार छिपा सिंगोली के पास स्थित ताल की रोजड़ी नदी में दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास नहाते समय डूब गया। गौरव अपने नाना मामा के यहां एक पारंपरिक पारिवारिक भोज में शामिल होने के लिए ताल आया था।ग्राम ताल में आज उज्जैनी मनाई जा रही थी और गांव के बाहर भोजन बनाया जा रहा है।जहां से वह अपने दो अन्य साथियों के साथ नदी पर नहाने के लिए चला गया।तीनों बालक नदी में नहाने के लिए उतरे लेकिन नदी में से केवल दो ही बालक बाहर निकल पाए।नहाते वक्त गौरव नदी की गहराई मे ही कही अचानक से लापता हो गया। मौके पर तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, सिंगोली थाना प्रभारी बी.एल.भाबर भी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।और एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर बालक को ढूंढने के लिए स्पेशल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और देर शाम बालक का शव बरामद कर लिया गया ।



# एसडीएम-तहसीलदार ने खड़े रहकर तुड़वाए अतिक्रमण- चौड़ा दिखने लगा है मूलचंद्र मार्ग

नीमच जिला प्रशासन, नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर सोमवार से चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम निरंतर जारी है! मूलचंद मार्ग पर दुकानदारों व रहवासियो को एक दिन पूर्व अपनी दुकान व घर के बाहर रखा सामान व अस्थाई अतिक्रमण हटाने की समझाइश देने के बाद शनिवार को एसडीम संजीव साहू, तहसीलदार संजय मालवीय, अजेंद्र नाथ प्रजापति,नपा सीएमओ दुर्गा बामनिया, केंट थाना प्रभारी पुष्पा सिंह चौहान, यातायात थाना प्रभारी अमित सारस्वत ने जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, सहित अन्य संसाधनों सहित नपा अमले व पुलिस टीम के साथ मूलचंद मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ मुहिम प्रारंभ की! मुहिम के दौरान अनेक दुकानों वह मकानो के बाहर कई वर्षों से जमे अतिक्रमण को हटाया गया तथा दुकान व घरों के बाहर रखी सामग्री जप्त की गई, ! शनिवार को सुबह से शाम तक युद्ध स्तर पर चली इस अतिक्रमण हटाओ मुहिम से मूलचंद मार्ग की सड़क काफी चौड़ी चौड़ी नजर आने लगी!

### पहली बार चली इस क्षेत्र में ऐसी मुहिम

वैसे तो शहर में समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ मूहिम चलती रहती है किंतु मूलचंद मार्ग पर इस प्रकार की प्रभावी अतिक्रमण हटाओ मुहिम पहली बार चलाई गई है जीसके तहत बरसों से जमे बड़े-बड़े अतिक्रमण हटाकर रोड को चौड़ा किया गया है!



### निरंतर जारी रहेगी मुहीम

प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि यह अतिक्रमण हटाओ मुहिम निरंतर जारी रहेगी! अतिक्रमण हटाओ मुहिम के तहत की गई कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में जिला प्रशासन, नगर पालिका व पुलिस प्रशासन के अनेक अधिकारी और कर्मचारी सहयोगी बने।

# नवोदय विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक लाने पर विशेष ध्यान दें- श्री चंद्रा

**नीमच**। पीएमश्री नवोदय विद्यालय की सभी कक्षाओं में सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक लाने का विशेष प्रयास किया जावे। विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट व त्रैमासिक टेस्ट के परिणामों की समय-समय पर समीक्षा कर, परीक्षा परिणाम में सुधार के विशेष प्रयास किए जाए। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को नवोदय विद्यालय रामपुरा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए कही। बैठक में एसडीएम श्री पवन बारिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, प्राचार्य श्री नन्दकिशोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पालकों के प्रतिनिधि एवं विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित था। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने रामपुरा के नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के नव स्थापित कम्प्युटर लैब का फीता काटकर शुभांरभ किया और लैब में उपलब्ध कम्प्यूटर सेट, विद्यार्थियों की कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। बैठक में विद्यालय में स्थापित सौलर पैनल को प्रारंभ करवाकर, विद्युत आपूर्ति शुरू करने के लिए संबंधित कंपनी से चर्चा करनेतथा नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को अर्द्ध शासकीय पत्र लिखवाने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना से नल कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति के लिए जल निगम प्रबंधक को पत्र लिखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में विद्युत केबल कनेक्शन लगवाने के लिए स्टीमेंट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी प्राचार्य को दिए। उन्होने बहुउद्देश्यीय खेल परिसर निर्माण के लिए स्टीमेंट बताकर प्रस्तुत करने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर इसी सप्ताह लगाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में अवांछित पेड़ों की छटाई करवाने के निर्देश सीएमओ रामपुरा को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने पालक प्रतिनिधियों से भी चर्चा कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। प्रारंभ में प्राचार्य श्री नन्दकिशोर पंवार व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में उप प्राचार्य ने आभार माना।



### जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान ने समर्पित किए दो शव वाहन, निशुल्क मिलेगी सेवा



**नीमच**। राजमाता विजयराजे सिंधिया जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर परिसर से रविवार को जिलेवासियों को दो नए शव वाहन समर्पित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को जिले को सुपुर्द किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार गरीबों, पीड़ितों और जरूरतमंदों के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाएं ला रही है। उन्हीं प्रयासों की कड़ी में आज जिले को शव वाहन की सुविधा प्राप्त हुई है, जो कि दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है और परिवार के पास शव को ले जाने के लिए निजी साधन नहीं होता, तो वह स्थिति अत्यंत कष्टदायक होती है। इसी पीड़ा को समझते हुए सरकार द्वारा निशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

# विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघुमंतु समुदाय की समस्याओं के निवारण के लिए शिविर आयोजित किए जाए-श्री बंजारा

## विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघुमंतु समुदाय के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाए




**नीमच**। विमुक्त घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय की समस्याओं के निराकरण एवं उन्हें विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकासखण्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाए। इस समुदाय के मजरों, टोलों को आबादी क्षेत्र घोषित करने की कार्यवाही की जाए। इस समुदाय के सभी जनजातियों के लोगों विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। जिससे, कि उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश म.प्र.विमुक्त, घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा ने गुरूवार को नीमच के कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में विभागीय समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में मालवा प्रांत प्रमुख श्री रविप्रताप बुदेला, श्री जसवंत बंजारा, हीरालाल धनगर सहित घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय के जनप्रतिनिधि सहित एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा ने बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए नीमच जिला प्रशासन द्वारा संचालित पंख अभियान नीमच की सराहना की। उन्होने सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच में पुलिस, पैरामिलीट्री फोर्स, सेना में भर्ती की तैयारी के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, कि मनासाएवं जावद विकासखण्ड मुख्यालयों पर पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु विमुक्त जनजाति के युवाओं को सूचीबद्ध कर निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। जिससे, कि इस समुदाय के युवा समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।बैठक में अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा ने विभागवार संचालित योजनाओं में योजनावार घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु वर्ग के लाभांवित हितग्राहियों की भागीदारी की समीक्षा की और निर्देश दिए,कि सभी विभागों की योजनाओं में इस समुदाय के पात्र हितग्राहियों की भी अनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान ने समर्पित किए दो शव वाहन, निशुल्क मिलेगी सेवा



**मंदसौर**। आबकारी उप निरीक्षक श्री कर्मेंद्र सांवले द्वारा बताया गया कि, मंदसौर शहर के पवित्र नगरी घोषित होने के बाद आबकारी विभाग के उप निरीक्षक कर्मेंद्र सावले ने 29 जुलाई से 3 अगस्त पवित्र क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मदिरा विक्रय, परिवहन, संग्रहण पर रोक लगाने हेतु कार्रवाई करते हुए गांधी चौराहे से रितेश पिता किशोर से 25 पाव देशी मदिरा, नयापुरा रोड से आरोपी जाहिद खान पिता आमिर खान को 16 पाव देशी मदिरा, शुक्ला चौक से महेश पिता रामलाल को 18 पांव देशी मदिरा पुराना बस स्टैंड के पीछे से राकेश पिता शोभाराम मालवी को 13 पाव देशी मदिरा, सीतामऊ ब्रिज के पास से आरोपी राजू पिता उदयलाल से 17 पाव देशी मदिरा शुक्ला चौक सुलभ कांप्लेक्स के सामने से खेमचंद पिता राम प्रसाद से 12 पाव देशी मदिरा, अभिनंदन मगरे के महामाया ढाबे के पास से अशोक पिता मोडी राम शर्मा से 19 पाव देशी मदिरा, कालाखेत से श्याम सुंदर पिता सोहनलाल माली पर 20 पाव देशी मदिरा रेलवे स्टेशन रोड से आरोपी मुकेश पिता प्रेम नारायण को 12 पाव देशी मदिरा के साथ कुल 9 आरोपियों को पवित्र क्षेत्र मंदसौर में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत गिरफ्तार करके प्रकरण पंजीबद किए गए। उक्त कार्रवाई में आबकारी आरक्षक केशव मेडतवाल, महेश कारपेंटर, अंकित निनामा, सिद्धार्थ गुप्ता का विशेष योगदान रहा। पवित्र नगरी मंदसौर में मदिरा विक्रय, परिवहन, संग्रहण आदि पर रोक लगाने हेतु आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# मंदसौर के राजाधिराज भगवान पशुपतिनाथ की राजसी सवारी बड़े धूम धाम से निकली

## जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भगवान पशुपतिनाथ की पूजन अर्चन किया,राजसी सवारी में बड़ी संख्या में भक्तजन सम्मिलित हुए






**मंदसौर** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान पशुपतिनाथ की सवारी के क्रम में आज राजसी सवारी निकाली गई। भगवान पशुपतिनाथ की रजत प्रतिमा का अभिषेक पूजन अर्चन कर भव्य नयनाभिराम श्रृंगार कर रथ में विराजित होकर प्रजा को दर्शन देने के लिये निकले। पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में ही सवारी प्रारंभ होने से पूर्व पुलिस विभाग द्वारा भगवान पशुपतिनाथ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके पश्चात भगवान पशुपतिनाथ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, श्री राजेश दीक्षित, सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एएसपी श्री बघेल अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।








# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

## ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम 13 अगस्त

**मंदसौर**। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना जिला मन्दसौर के प्रधानाचार्य श्री एचएस रेगर द्वारा बताया गया कि, जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म ऑनलाईन के माध्यम से भरने की अंतिम तिथि पूर्व में 29 जुलाई थी, तिथि बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गयी है। उक्त तिथि को नवोदय विद्यालय समिति ने बढ़ाकर परिवर्तित कर दिया है जो निम्नानुसार है। उक्त कक्षाओं हेतु आवेदन www.navodaya.gov.in वेबसाईट पर भरे जा सकते है। कक्षा 6 वीं में आवेदन भरने हेतु छात्र की जन्म दिनांक 01.05.2014 से 31.07.2016 के बीच होना चाहिए ।

# बोल बम के जयकारो के साथ, भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ निकाली भूतेश्वर महादेव की शाही सवारी

## शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, काशी की तर्ज पर की गंगा आरती



**ब्युरो रिपोर्ट - प्रदीप जैन**

**सिंगोली।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को सुबह से लेकर देर शाम सब तक नगर में स्थित शिव मंदिरों में सहित सिंगोली से 14 किलोमीटर दुर प्रसिद्ध तिलस्वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का फूल बेलपत्र और दूध, जल से अभिषेक किया। व कई कावड़ियों ने तिलस्वा कुण्ड से शुध्दं जल कावड़ में भरकर अपने अपने गांवों के शिव मंदिरो पर पहुँच भगवान भोलेनाथ का भक्ति भाव से जलाअभिषेक किया वही नगर सिंगोली में परम्परा गत निकलने वाले भुतेश्वर नाथ भगवान के बेवाण में अंतिम सोमवार को भी भूत भावन भूतेश्वर महादेव नगर की जनता का हाल जानने शाही सवारी के रूप में डी. जे. ढोल के साथ नगर भ्रमण पर निकले। जिसमें भोले के भक्त झुमते नाचते व ढोल की थाप पर लेजिम बजाते चल रहे थे शाही सवारी की शिव भक्तों ने जगह-जगह पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। शाही सवारी वीर तेजाजी मार्ग, अहिंसा पथ, बापू बाजार होते हुई देर शाम बोहरा जी के घाट पर पहुंची जहां पहली बार बड़ी संख्या में नगर और क्षेत्र के शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की काशी विश्वनाथ की तर्ज पर ब्राह्मणी नदी के बोहरा जी के घाट पर गंगा महा आरती अलग-अलग मुद्रा में और आतिशबाजी के साथ भोलेनाथ की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया। रात करीब साढ़े 8 बजे शाही सवारी आजाद चौपाटी, शीतला माता मार्ग होते हुए भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां देर रात भगवान शिव की महाआरती कर अंतिम श्रावण सोमवार का समापन किया गया।

# अगस्त माह में मध्यप्रदेश के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की घोषणा होना तय

**ब्यूरो रिपोर्ट - विनोद गोठवाल**



**नीमच।** मध्यप्रदेश कांग्रेस का अभी कुछ ही दिन पहले मांडू में एक सम्मेलन आयोजित हुआ था जिसमें राहुल गांधी ने शिरकत की थी। यहां कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कार्यकर्ता प्रदेश भर से आए हुए थे जहां कांग्रेस के वरिष्ठजनों द्वारा समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पाठशाला ली गई थी। मध्यप्रदेश में जिला अध्यक्षों की घोषणा इसी माह मतलब की अगस्त में होना होता तय मानी जा रही है, वहीं अब कांग्रेस इस बार अपने जिला अध्यक्षों में युवा, नेतृत्व को मौका देंगे जिसमें लगभग 70% 45 वर्ष से कम की आयु के युवा लोगों को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा। और अब कांग्रेस में पट्ठावाद बिल्कुल बिल्कुल नहीं चलेगा। वही युवा लोगों की अगर बात की जाए तो इस दौड़ में सबसे आगे नीमच के युवा नेता तरुण बाहेती का नाम इस रेस में सबसे आगे चल रहा है, वहीं अगर महिला जिला अध्यक्ष बनाई गई तो 30% वाले कोटे मे मधु बंसल का नाम भी चल रहा है, और अगर 30% में फिर से पुनः अनिल चौरसिया भी जिला अध्यक्ष पद पर पुनः काबिज रह सकते हैं। क्योंकि अनिल चौरसिया

# भाजपा दक्षिण मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न




**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिले के निर्देशानुसार मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न हुई जिसमें विधायक दिलीपसिंह परिहार व भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान व परम श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर हरकियाखाल डैम पर आयोजित की गई जिसमें हर घर तिरंगा अभियान के तहत दक्षिण मंडल द्वारा सभी गांवों और पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने व 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगने को कहा गया। 16 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई जावेगी। इस अवसर पर मंडल के प्रभारी ललित ग्वाला मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन राजोरा नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश राव तावरे मंडल महामंत्री किशन अहिरवार पार्षद विनोद पाटीदार सरपंच श्रीपालसिंह सिसोदिया विनोद फौजी गोविंद पाटीदार दुर्गाशंकर मेघवाल नरेंद्र जाट पवन मेघवाल पवन गुजर और पार्टी के पदाधिकारी को बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री किशन अहिरवार ने किया आभार मंडल उपाध्यक्ष बबलू भीलावतने माना।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट

## राज्य सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत,म.प्र. में निवेश संबंधी किये जा रहे प्रयासों की दी जानकारी

**नीमच।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका "विरासत से विकास की राह" भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।

### दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा से कराया अवगत



प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से विकसित भारत @ 2047 के विजन में मध्यप्रदेश भी अपना पूरा योगदान देगा।

चर्म रोग विशेषज्ञ
अब आपके नीमच में भी
› सोरायसिस, एक्जिमा, ऐलर्जी
› गंजेपन का इलाज
› नवजात शिशु रोग
› बाल एवं चर्म
› नाखून की समस्या
› हर्पिस, फंगल इंफेक्शन
› कुष्ठ रोग, सफेद दाग
› कालापन, झाईयां, लाछन
› फोड़े-फुंसी, मस्से, तिल एवं गड्ढे
› मुंहासे एवं मुंहासों के दाग
› गठान एवं खुजली
› सफेद दाग एवं सर्जरी
› मस्सों का इलाज
सोमवार से शुक्रवार
10 AM से 2 PM तक
04 PM से 8 PM तक
एवं अन्य बालों एवं त्वचा से सम्बंधित बिमारियों के लिए आज ही सम्पर्क करे

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करे
6232041005
Dr . Parakram Singh
M.B.B.S. , M.D. (DVL)
Aesthetic Dermatologist
219, 14/2 निरोगधाम अस्पताल के पास विकास नगर, नीमच

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)